# प्रदेश का बजट समग्र और संतुलित विकास की रूपरेखा

## सीए विराम जैन अध्यक्ष सतना ब्रांच ऑफ़ सी आई आर सी ऑफ आई सी ए आई

नवभारत न्यूज

**सतना, 18 फरवरी. मध्यप्रदेश के वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत 4.38 लाख करोड़ का बजट 2026.27 राज्य के समग्र और संतुलित विकास की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करता है। यह बजट गरीब युवा किसान और महिलाओं के कल्याण के साथ.साथ औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार को समर्पित है जो सरकार की समावेशी सोच को दर्शाता है।**

यह बात सीए विराम जैन अध्यक्ष सतना ब्रांच ऑफ़सी आई आर सी ऑफआई सी ए आई ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही. उन्होंने बताया कि बजट में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को सुदृढ़ करनेए युवाओं के लिए रोजगार एवं कौशल विकास के अवसर बढ़ाने किसानों के हित में कृषि अवसंरचना को मजबूत करने तथा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु ठोस प्रावधान किए गए हैं।



स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 23.700 करोड़ का आवंटन इस बात का संकेत है कि राज्य सरकार जनस्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और गुणवत्ता सुधार के प्रति गंभीर है। इससे जिला अस्पतालों का उन्नयनए आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार संभव होगा। इसी प्रकार वन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए 6,151 करोड़ की राशि सतत विकास के संकल्प को दर्शाती है जिससे हरित क्षेत्र में वृद्धि जल संरक्षण और जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा को दिशा देने के उद्देश्य से खेल विकास के लिए 815 करोड़ का प्रावधान किया गया है जो राज्य में खेल अधोसंरचना और प्रशिक्षण सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा।

राज्य में आयोजित विभिन्न क्षेत्रीय औद्योगिक सम्मेलनों के माध्यम से प्राप्त निवेश प्रस्तावों के आधार पर 8.63 लाख करोड़ की व्यावसायिक एवं औद्योगिक परियोजनाओं की शुरुआत होना प्रदेश की आर्थिक प्रगति के लिए अत्यंत सकारात्मक संकेत है। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजनए औद्योगिक विस्तार और राजस्व वृद्धि की संभावनाएं बढ़ेंगी।

समग्र रूप से यह बजट सामाजिक कल्याण और आर्थिक विकास के बीच संतुलन स्थापित करते हुए मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर समृद्ध और प्रगतिशील राज्य बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम सिद्ध होगा।

# सांसद ने बजट को सराहा,कहा समग्र विकास का आधार है बजट

नवभारत न्यूज



**सतना, 18 फरवरी. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद गणेश सिंह ने मध्य प्रदेश सरकार के बजट को ऐतिहासिक और दूरदर्शी करार दिया है।**

उन्होंने कहा कि यह बजट ज्ञान , गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को केंद्र में रखते हुए प्रदेश के समावेशी विकास का मजबूत खाका पेश करता है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में तैयार यह बजट कृषि, बुनियादी ढांचा, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण और सामाजिक न्याय जैसे क्षेत्रों में मध्य प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। सांसद श्री सिंह ने कहा कि यह बजट समग्र विकास का आधार है जो सतना और विंध्य क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश को मजबूत बनाएगा। सांसद ने बताया कि रीवा एवं सतना मेडिकल कॉलेजों का उन्नयन किया गया है तो 8 नवीन आयुर्वेद महाविद्यालय-सह-चिकित्सालय की तैयारी है। सतना में सांस्कृतिक वन की स्थापना प्रस्तावित है।

कृषि और ग्रामीण विकास पर जोर देते हुए सांसद ने मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना की सराहना की, जिसमें 21,630 करोड़ रुपये से 30,900 किमी सडकें बनेंगी। गोशालाओं के अनुदान को 20 से बढ़ाकर 40 रुपये प्रति गोवंश किया गया है और मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना भी शुरू होगी। मध्य प्रदेश दाल में पहले, गेहूं-तिलहन में दूसरे स्थान पर है और सोयाबीन का 35 फीसदी उत्पादन करता है। संतरा, टमाटर, धनिया, सब्जी, फूल और दूध उत्पादन में अग्रणी है।

प्रधानमंत्री कृषक सूर्य मित्र योजना से 2026-27 में 3,000 करोड़ से 1 लाख सोलर पंप दिए जाएंगे। किसानों को सालाना 12,000 रुपये की मदद, शून्य ब्याज ऋण, 77.74 लाख टन गेहूं की खरीद पर 20,213 करोड़ और 1,360 करोड़ बोनस, धान पर 11,744 करोड़ का भुगतान हुआ। मुख्यमंत्री कृषक उन्नति योजना से 6.69 लाख किसानों को 337 करोड़ मिले।

# बजट पर मिली सत्ता और विपक्ष की मिलीजुली प्रतिक्रिया

नवभारत न्यूज

**सतना, 18 फरवरी. प्रदेश के 26-27 के बजट को लेकर सत्ता और विपक्ष ने मिलीजुली प्रतिक्रिया व्यक्त की है. सत्ता का कहना है कि बजट में सरकार ने सभी का ध्यान रखा है.जबकि विपक्ष यह कह रहा है कि बेरोजगारी और महगाई के नियंत्रण पर सरकार का रुख स्पष्ट नहीं है.**

**बजट में दिशा नहीं,सिर्फ दिखावा - सुनील गुप्ता**



आज पेश हुए मध्य प्रदेश के बजट को सुनील गुप्ता इंटक शहर अध्यक्ष कांग्रेस नेता सुनील गुप्ता ने जनता की उम्मीदों के साथ विश्वासघात बताया है।


**यह बजट किसान एवं युवा विरोधी बजट है : संतोष पाण्डेय**

जिला किसान कांग्रेस कमेंटी सतना के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने



मध्यप्रदेश के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश के किसान एवं युवा बिरोधी बजट है इस बजट मे किसानों के फसल के दाम (एम एस पी) पर कोई ठोस निर्णय नही लिया गया और न ही प्रदेश के यूवाओ के रोजगार के लिए कोई योजना है जहा महंगाई से प्रदेश की जनता परेशान है लेकिन प्रदेश सरकार द्वार महंगाई से राहत दिलाने के लिए इस बजट मे कोई प्रावधान नही है.

**मध्य प्रदेश का बजट निराशाजनक : रमाशंकर**



प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर असंतोष व्यक्त करते हुए पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामशंकर पयासी ने कहा कि मध्य प्रदेश का बजट निराशाजनक है बजट में किसानों और युवाओं के लिए सिर्फ झूठी घोषणाएं हैं यथार्थ में कुछ नहीं है यह सरकार दिखावे की सरकार है इनकी योजनाएं कागजों पर चलती हैं जमीन पर कुछ भी नजर नहीं आता कांग्रेस पार्टी इस बजट की घोर निंदा करती है।

**2047 के विजन को साकार करने वाला बजट:श्याम लाल**

भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू ने बजट पर




प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट वर्ष 2047 तक विकसित प्रदेश के विजन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट हर वर्ग को सशक्त बनाने वाला संतुलित, समावेशी एवं विकासोन्मुख दस्तावेज है। गुप्ता ने कहा कि सरकार ने दीर्घकालिक विकास की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत की है.

### कर्जा के पहाड़ वाला बजट : विक्की




कांग्रेस नेता विक्रांत त्रिपाठी विक्की का कहना है कि राज्य पर कर्ज़ का बोझ लगातार बढ़ रहा है।हर साल नए ऋण लेकर सरकार खर्च चला रही है, जिससे आने वाली पीढ़ियों पर आर्थिक भार बढ़ेगा।ब्याज भुगतान में भारी रकम बजट का बड़ा हिस्सा सिर्फ कर्ज़ के ब्याज चुकाने में खर्च हो रहा है। यदि यही पैसा शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में लगाया जाता तो जनता को सीधा लाभ मिलता।विक्की ने कहा कि बजट में बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो की गईं, लेकिन उनके लिए ठोस वित्तीय प्रबंधन और स्थायी आय के स्रोत स्पष्ट नहीं हैं।

### सरकार का कर्ज उसके बजट से ज्यादा है : अशोक




मप्र सरकार के बजट पर कैट के प्रदेश मंत्री अशोक दौलतानी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि नया कर्ज किश्त चुकाने में ही पूरा हो जाएगा।प्रदेश वासियों , सरकारी कर्मचारियों , व्यापारियों को कुछ देने की स्थिति फिलहाल सरकार की दिखती नजर नहीं आ रही है।हमारी सरकार से यही मांग है कि वो पिछले साल किये गये वादे ही पूरे कर दे।सरकारी स्कूलों, सड़कों में सुधार एवं चल रही योजनाओं का ही पूरा होना बहुत बड़ी उपलब्धि होगी ,बजट में सतना शहर में मेन बाजार की सड़कों का अतिशीघ्र डामरीकरण कर रोज हो रही अप्रत्याशित घटनाओं से निजात दिलाने का काम करें,

### महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने वाला बजट : प्रियांशा



प्रदेश महिला मोर्चा की सह मीडिया प्रभारी प्रियांशा उरमलिया ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि प्रदेश के बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। किसान, युवा, महिलाएं, बच्चों, गरीब, श्रमिक, बेरोजगार समेत इंफ्रास्ट्रक्चर पर अनेक घोषणाएं की गई हैं। बजट में महिलाओं को सुरक्षा प्रदान की गई है। विभिन्न नारी-केंद्रित योजनाओं के लिए सरकार ने जो व्यापक प्रावधान किये हैं, वह प्रसंसनीय है। लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं के जीवन में आर्थिक सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सम्मान सुनिश्चित किया है।

### सभी को आगे बढ़ने का मिलेगा अवसर : भगवती



भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के मार्ग दर्शन में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत बजट में हर वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। यह बजट गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण पर केंद्रित है, जो प्रदेश के समग्र विकास को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि इस बजट के माध्यम से समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा और प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# पटवारी-बिचौलियों के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज

## आदिवासियों की जमीन पर हुए फर्जीवाड़े पर ईओडब्लू ने तेज की जांच

नवभारत न्यूज

**सतना 18 फरवरी. फर्जी वारिसाना और ऋण पुस्तिका तैयार कर आदिवासियों की बेशकीमती जमीन हड़पने वाले पटवारी और बिचौलियों के विरुद्ध शकंजा कसते हुए आर्थिक अपराध शाखा रीवा द्वारा आपराधिक प्रकरण दर्ज करते हुए जांच तेज कर दी गई है.**

मैहर जिले के ग्राम भदनपुर में यह फर्जीवाड़ा लगभग 3.500 हेक्टेयर आदिवासियों की बेशकीमती जमीन पर किया गया. इस फर्जीवाड़े में बिचौलियों द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी मैहर को लगभग 2.5 करोड़ रु में जमीन बेची गई. लेकिप वास्तविक भूस्वामियों को जमीन देने के बदले में फूटी कौड़ी भी नहीं मिली. मामला उजागर होने पर शिकायत आर्थिक अपराध शाखा रीवा तक पहुंच गई. जिसके आधार पर जब ईओडब्लू द्वारा विवेचना शुरु की गई तो यह जानकारी सामने आई कि भदनपुर दक्षिण पट्टी की लगभग 3.50 हेक्टेयर कृषि भूमि जो वर्ष 10-11 तक राजस्व अभिलेख में राम सिंह गोड़ के नाम दर्ज थी. उस भूमि को तत्कालीन पटवारी और बिचौलियों द्वारा वर्ष 12-13 में उसके पुत्र राजेंद्र सिंह के नाम पर वारिसानी करा दिया. यह जानकारी किसी भी सक्षम राजस्व अधिकारी को भी नहीं दी गई. जबकि उस दौरान न सिर्फ राम सिंह गोड़ जीवित थे बल्कि उनके 2 पुत्र और 3 पुत्रियां थीं. इतना ही नहीं बल्कि राजेंद सिंह की जमीन पर त्रण दिलाने के नाम पर उसे धोखे में रखते हुए सलैया निवासी शोभा कोल और खरौंधी निवासी बैजनाथ कोल के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज करा दिया गया. जिसके बाद यह दोनों भूमि अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी मैहर को 2.5 करोड़ रु में बेच दी गई. जिसकी जानकारी न तो राजेंद्र को हो सकी और न ही उक्त भूमि के बदले उन्हें कोई धनराशि ही मिली.

### आरोपियों में 8 नामजद

ईओडब्लू रीवा से मिली जानकारी के अनुसार जमीन के फर्जीवाड़े के मामले में जिन 8 नामजद आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है उनमें तत्कालीन पटवारी हल्का भदनपुर दक्षिण पट्टी अशोक सिंह, शोभा प्रसाद कोल, बैजनाथ कोल, दीपक लालवानी, गोपाली उर्फ गोपाल आसवानी, अज्जू उर्फ अजय सावलानी, कमला उर्फ प्रदीप कुमार सेन और रामप्रकाश जायसवाल सम्मिलित हैं . इसके साथ ही अन्य संबंधित राजस्व अधिकारी और अन्य संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज कर जांच तेज कर दी गई है .

# निगमायुक्त को हटाने के लिए महापौर ने खोला मोर्चा

## पार्षदों के साथ कलेक्टर से भेंट कर सौंपा ज्ञापन



नवभारत न्यूज

**सतना 18 फरवरी. आयुक्त नगर निगम और महापौर के बीच अनबन के सामचाचार तो पिछले कई दिनों से सामने आ रहे थे, लेकिन बुधवार को यह तब सार्वजनिक भी हो गया जब पार्षदों का नेतृत्व करते हुए महापौर ने जिला कलेक्टर से भेंट की और निगमायुक्त को ननि सतना से हटाए जाने की मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा.**

महापौर योगेश ताम्रकार ने बुधवार को जिला कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस से मुलाकात की. इस दौरान उनके साथ ननि परिषद अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी सहित 8 पार्षद भी उपस्थित थे. कलेक्टर से भेंट करने के बाद महापौर और पाषदों ने मिलकर उन्हें मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा. सौंपे गए ज्ञापन में आयुक्त ननि शेर सिंह मीणा को सतना से हटाने की मांग की गई है. शहर के 27 पार्षदों के हस्ताक्षर के साथ सौंपे गए इस ज्ञापन में यह उल्लेख किया गया है कि वार्डों के विकास कार्य से संबंधित फाइलें पिछले 6-6 महीने से निगमायुक्त कार्यालय में लंबित हैं. निगमायुक्त द्वारा निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का फोन भी लगातार नहीं उठाया जाता है. पार्षदों द्वारा निगमायुक्त से कई बार मुलाकात कर उन्हें इस बात की जानकारी दी जा चुकी है कि सीवर लाइन और पाइप लाइन सहित अन्य विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं. शहर के पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाने के कारण नगरवासी भी त्राहि-त्राहि कर रहे हैं. जिसे देखते हुए अनुरोध किया गया कि आयुक्त ननि शेर सिंह मीणा को तत्काल प्रभाव से नगर निगम सतना से पृथक किया जाए.

### कार्रवाई नहीं करने से बिगड़ी बात

वार्ड पार्षदों द्वारा विकास कार्यों में बरती जा रही लापरवाही को लेकर महापौर के समक्ष कई बार शिकायत की गई थी . जिसे संज्ञान में लेते हुए महापौर द्वारा कुछ कार्यों की जांच के साथ-साथ जिम्मेदार कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई थी . लेकिन इसके बावजूद भी निगमायुक्त द्वारा न तो कार्यों की जांच कराई गई और न ही जिम्मेदारों के विरुद्ध किसी तरह की कार्रवाई की . जिसे देखते हुए महापौर पिछले दिनों आयोजित मेयर-इन-कौंसिल की बैठक को छोड़कर बाहर चले गए थे . महापौर का कहना था कि यदि आरोप सामने आ रहे हैं तो उनकी जांच और कार्रवाई भी होना आवश्यक है . लिहाजा निगम प्रशासन यदि इसे गंभीरता से नहीं ले रहा तो एमआईसी द्वारा केवल प्रस्तावों को पास करने का कोई मतलब नहीं बनता .

### मुख्यमंत्री से होगी शिकायत

प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्षदों के साथ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के बाद बुधवार की रात को ही महापौर भोपाल के लिए रवाना हो गए . बताया गया कि भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव से मुलाकात कर उनसे निगमायुक्त की कार्यशैली की शिकायत की जाएगी. इसी कड़ी में निगमायुक्त को सतना से हटाए जाने की मांग भी की जाएगी . गौरतलब है कि नगर निगम के पिछले कार्यकाल में भी तत्कालीन महापौर ममता पाण्डेय और तत्कालीन निगमायुक्त प्रतिभा पाल के बीच भी तनातनी की घटनाएं सामने आईं थीं . लेकिन उस दौरान मामले ने इतना तूल नहीं पकड़ा था कि बात मुख्यमंत्री तक पहुंच जाए .

# बस कंडक्टर से मांगी रंगदारी, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना 18 फरवरी. यात्री बस के कंडक्टर से रंगदारी मांगने और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने वाले आरापी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया.**



मैहर कोतवाली थाने से मिली जानकारी के अनुसार महाकाल बस कंपनी के कंडक्टर द्वारा थाने में शिकायत की गई थी. जिसके अनुसार शिवम गोंड उर्फ मुनचुन पिता जगपति निवासी सगमनियां द्वारा डेल्हा मोड़ सोनवारी में बस कंडक्टर से रंगदारी मांगी गई. जिसके नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई. शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया.

# रेलवे के पैनर लॉयर बने शिवम

## तीन वकीलों का पैनल बना

नवभारत न्यूज

**सतना 18 फरवरी. रेलवे के मुकदमों की पैरवी करने के लिए पश्चिम मध्य रेल जबलपुर द्वारा सतना जिले में शिवम शुक्ला सहित 3 अधिवक्ताओं को पैनल लॉयर बनाया गया है.**

महाप्रबंधक कार्यालय पमरे जबलपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में रेलवे के मुकदमों की पैरवी करने के लिए सतना जिले में 3



अधिवक्ताओं की नियुक्ति की गई है. जिसमें सतना से अधिवक्ता शिवम शुक्ला के साथ-साथ नागौद के योगेंद्र प्रसाद मिश्रा और बालकृष्ण त्रिपाठी सम्मिलित हैं. बतौर पैनल लॉयर अधिवक्ताओं का कार्यकाल 3 वर्ष का होगा. जिसके बाद कार्यकाल में अधिकतम दो बार 1-1 साल की बढ़ोत्तरी की जा सकती है.

# बाइक को टक्कर मार पेड़ से टकराई कार

## एक ही परिवार के 7 लोग घायल, चित्रकूट की घटना

नवभारत न्यूज

**सतना, 18 फरवरी. जिले की धार्मिक नगरी चित्रकूट में गुप्त गोदावरी मार्ग पर हुए एक सड़क हादसे में सात लोग बुरी तरह घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब पीछे से आ रही एक कार ने बाइक को टक्कर मारी और इसके बाद अनियंत्रित होकर राम वन पार्क के पास एक पेड़ से जा टकराई।**

घायलों में कार सवार एक ही परिवार के सदस्य और दो बाइक सवार युवक शामिल हैं। सभी को जानकी कुंड अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार पुष्पेंद्र पटेल निवासी टेढ़ी अपने साथी धीरज के साथ बाइक क्रमांक एमपी 19 एमएल 4415 से गुप्त गोदावरी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही कार क्रमांक यूपी 44 सीटी 5798 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क किनारे गिर पड़े और घायल हो गए। बताया गया कि हादसे के बाद कार चालक अर्पित वर्णवाल घबरा गया और मौके से निकलने की कोशिश करने लगा लेकिन राम वन पार्क के पास उसका वाहन से नियंत्रण हट गया और कार सड़क किनारे लगे एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### कार चालक पर प्रकरण दर्ज

घटना की सूचना मिलते ही चित्रकूट थाना प्रभारी गिरजा शंकर बाजपेई अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस ने तुरंत घायलों को उपचार के लिए जानकी कुंड अस्पताल भिजवाया। वहां सभी का इलाज जारी है।बाइक सवारों की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।पुलिस पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच कर रही है।जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई और आगे क्या कार्रवाई की जाएगी।

## कलेक्टर ने किया परसमनिया क्षेत्र का निरीक्षण

**सतना 18 फरवरी.** कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के साथ बुधवार को तहसील उचेहरा अंतर्गत परसमनिया क्षेत्र की ग्राम पंचायतों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालयों की पठन-पाठन, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की मैदानी स्तर पर प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# पवित्र माह-ए-रमज़ान का आग़ाज़ आज से

नवभारत न्यूज

**सतना, 18 फरवरी. शहर में रमज़ान का मुक़द्दस चांद नज़र आने के साथ ही कल से माह-ए-रमज़ान के रोज़ों का आग़ाज़ हो रहा है।**

यह पाक महीना रहमत, मग़फ़रित और निज़ात का महीना माना जाता है, जिसमें इबादत, सब्र और तज़किया-ए-नफ़्स (आत्मशुद्धि) का विशेष महत्व होता है। समाजसेवी शेरू खान ने बताया कि रमज़ान केवल भूख और प्यास का नाम नहीं, बल्कि इंसानियत, हमदर्दी और भाईचारे का जीवंत संदेश है। इस मुबारक महीने में मुसलमान सहरी से इफ़्तार तक रोज़ा रखकर अपने जज़्बात और ख़्वाहिशात पर क़ाबू पाना सीखते हैं। मस्जिदों में नमाज़-ए-तरावीह, तिलावत-ए-कुरआन और दुआओं का विशेष एहतिमाम किया जाता है। धार्मिक विद्वानों के अनुसार, रमज़ान हमें समाज के कमज़ोर और ज़रूरतमंद तबक़ों के प्रति संवेदनशील बनाता है। ज़कात, सदक़ा और फ़ित्रा के ज़रिये समाज में समानता और सहयोग की भावना को मज़बूती मिलती है। इफ़्तार के समय सामूहिक रोज़ा-इफ़्तार कार्यक्रमों से आपसी मोहब्बत और सौहार्द का वातावरण बनता है।

शहर के विभिन्न इलाक़ों में रमज़ान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मस्जिदों को रोशनी से सजाया गया है और सामाजिक संगठनों द्वारा इफ़्तार एवं ज़रूरतमंदों की सहायता के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

# दिनदहाड़े ज्वेलर्स का सोने चांदी से भरा बैग पार

## दुकान के सामने फैलाई गंदगी

नवभारत न्यूज

**सतना 18 फरवरी. मैहर जिले के पकरिया क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के किनारे स्थित आभूषण की दुकान से सोने-चांदी से भरा बैग अज्ञात बदमाशों ने पार कर दिया. दुकान के सामने गंदगी फैलाकर दुकान संचालक का ध्यान भटकाते हुए बदमाशों ने उक्त घटना को अंजाम दिया. ज्वेलर्स की शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मैहर जिले में अमदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड पकरिया पर सागर ज्वेलर्स नामक प्रतिष्ठान के संचालक सागर सोनी हर रोज की तरह बुधवार की सुबह भी अपनी दुकान पर पहुंचे. वे अपने साथ एक बैग लेकर पहुंचे थे जिसमें लगभग 3 तोला सोना और 1 किलो चांदी रखी हुई थी. बताया गया कि दुकान खोलकर बैग रखने के बाद जब सागर की नजर बाहर पड़ी तो वहां पर उन्हें गंदगी फैली दिखाई दी. दुकान के सामने गंदगी के चलते ब्रिकी पर असर पड़ने के चलते सागर ने उसे साफ करने का प्रयास शुरु कर दिया. इसी कड़ी में सागर पानी लेने के लिए जैसे ही कुछ कदम चल कर गए. इसी दौरान मौके का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने दुकान में रखा सोने-चांदी से भरा बैग उठा लिया और मौके से फरार हो गए. जैसे ही सागर वापस लौटे तो सोने-चांदी से भरे बैग को नदारद पाकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई. बदहवासी की हालत में आस पास सभी स्थानों पर खोजने के बावजूद जब कोई सफलता नहीं मिली तो सागर द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई.

# कंटेनर पर फंदे से लटका मिला चालक का शव

नवभारत न्यूज

**सतना, 18 फरवरी. मैहर जिले के अमरपाटन क्षेत्र में नेशनल हाईवे 30 पर बुधवार दोपहर एक कंटेनर चालक का शव वाहन पर लटका मिला। ड्राइवर प्रयागराज से डिलीवरी देकर लौट रहा था। पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।**

अमरपाटन थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान मुकेश रावत (40 वर्ष) पिता नाइके रावत के रूप में हुई है। वह शिवपुरी जिले के ग्राम जरवाली का निवासी था। मुकेश एक निजी परिवहन कंपनी में कंटेनर चालक के रूप में कार्यरत था। मुकेश रावत नासिक से स्कॉर्पियो वाहन का कंटेनर प्रयागराज पहुंचाने गया था। डिलीवरी पूरी करने के बाद वह एक अन्य कंटेनर के साथ प्रयागराज से वापस लौट रहा था। अमरपाटन थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 30 के अमरपाटन बायपास के पास पहुंचने पर मुकेश ने अपना कंटेनर सड़क किनारे खड़ा कर दिया। कुछ देर बाद जब मुकेश ने कंपनी के फोन कॉल का जवाब नहीं दिया, तो कंपनी प्रबंधन ने साथ चल रहे दूसरे कंटेनर चालक को उसकी स्थिति जानने के लिए वापस भेजा।

### दूसरे चालक ने दी सूचना

दूसरे चालक ने मौके पर पहुंचकर देखा तो मुकेश का शव कंटेनर के बाहर फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। उसने तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी। अमरपाटन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतरवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। आत्महत्या और दूसरे एंगल से जांच की जा रही है।